# आकाशवाणी शिमला

## 02.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनगणना 2027 में प्रदेशवासियों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। उन्होंने आज शिमला में जनगणना के तहत चल रहे स्वगणना अभियान में भाग लिया और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल में जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी और पहला चरण 16 जून से 15 जुलाई तक संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को जनगणना के दौरान सही जानकारी देने का आग्रह किया है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश के दुर्गम व बर्फबारी प्रभावित क्षेत्रों में जनसंख्या गणना 11 से 30 सितंबर 2026 तक होगी जबकि अन्य क्षेत्रों में ये कार्य 9 से 28 फरवरी 2027 तक संपन्न किया जाएगा।

### राज्यपाल

एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत आज लोकभवन शिमला में तेलंगाना स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रव्यापी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने विभिन्न राज्यों के बीच सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। राज्यपाल ने समाज के सभी वर्गों में एकता, सद्भाव, पारंपरिक सम्मान और राष्ट्र गौरव का संदेश निरंतर प्रसारित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### नड्डा–स्वास्थ्य सेवा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं का दृष्टिकोण उपचारात्मक मॉडल से विकसित होकर एक बुनियादी ढांचे में बदल रहा है। इस ढांचे में निवारक, पुनर्वास, उपशामक और वृद्धावस्था देखभाल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि देश में एक लाख 82 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्राथमिक केन्द्र के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार विकास के लाभ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाने के लिए सड़कों का नेटवर्क बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। वे आज सोलन जिला के कसौली उपमंडल में काणो के समीप धर्मपुर–सुबाथु–कठनी मार्ग के कार्य का निरीक्षण करने के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन 13 किलोमीटर लम्बे इस मार्ग के लिए करीब 19 करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए हैं। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस सड़क का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गड़खल–कसौली को जोड़ने वाले फ्लाईओवर ब्रिज का भी निरीक्षण किया।

### वकील विरोध

प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने छोटा शिमला से हाईकोर्ट प्रतिबंधित सड़क मार्ग पर अपने वाहनों की आवाजाही पर लागाई जा रही रोक का विरोध जताया है। अधिवक्ताओं ने आज मुख्यमंत्री के सरकारी आवास ओकओवर के बाहर प्रदर्शन किया और उसके बाद सचिवालय का घेराव कर फैसले का वापिस लेने की मांग की। तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के साथ अधिवक्ताओं की वार्ता हुई जिसमें समाधान निकालने के लिए एक कमेटी का गठन करने पर सहमति बनी है। अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस उनकी गाड़ियों को रास्ते में रोक रही हैं, जिससे उन्हें समय पर अदालत पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

---